तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



15 नगर व अंचल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





14 सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में मेधावी छात्रों का...




## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**खरोरा** | ब्रह्माकुमारीज खरोरा में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ - साथ संस्था से जुड़े भाई बहनों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी। सनातन संस्कृति से जुड़े इस पर्व में सतयुग के प्रथम प्रिंस कृष्ण जी बाल स्वरूप को सुसज्जित झूले पर विराजित किया गया था। छोटे-छोटे बच्चे भी बाल कृष्ण की वेशभूषा में सजकर आये थे। सबने मिलकर भगवान कृष्ण के मनोहारी बाल स्वरूप को झूले में झूलाने का आनंद लिया। स्थानीय मिडिल स्कूल खरोरा की बालिकाओं ने नृत्य और रास गरबा की सुंदर प्रस्तुति दी। ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने कहा कि कृष्ण का जीवन वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक और अनुकरणीय है, हमें अपने कर्मों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जैसा कर्म हम करेंगे, उसी का अनुकरण हमारी आने वाली पीढ़ी करेंगी।

### वासुदेव ठाकुर की घर वापसी : भाजपा में विधिवत हुए शामिल



**बलौदाबाजार** | भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल बलौदाबाजार पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष वासुदेव ठाकुर को 14 अगस्त को पार्टी का गमछा पहनाकर विधिवत पार्टी मे प्रवेश दिलाया गया। ज्ञात हो कि सम्पन्न नगरीय निकाय चुनाव में वासुदेव ठाकुर की धर्म पत्नी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद चुनाव लड़ी थी, इसी संबंध में शिकायत के आधार पर वासुदेव ठाकुर को निलम्बन की नोटिस दी गई थी किन्तु वासुदेव ठाकुर अपनी पुरी छमता और निष्ठा के साथ लगातार पार्टी के कार्यक्रमो में सक्रीय रूप से सहभागी होते रहा है। इनके इस लगन सक्रियता, कर्मठता और कर्मनिष्ठा को देखते हुए जिले के सभी शीर्ष नेतृत्व ने वासुदेव ठाकुर को पार्टी का गमछा पहनाकर विधिवत प्रवेश दिलाया।

### सतरंगी सूत्रों की शपथ व क्विज प्रतियोगिता कल

**बलौदाबाजार** | छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत महोत्सव के अंतर्गत 18 अगस्त को जिला ऑडिटोरियम में सतरंगी सूत्रों की शपथ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच, सचिव व स्व-सहायता समूहों के सदस्य भाग लेंगे। ई-सतर्कता कार्यक्रम के तहत वित्तीय लेनदेन, निवेश जोखिम व साइबर जागरूकता पर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सायबरऑप्स के संस्थापक मुकेश चौधरी, राज्य परियोजना निदेशक हितेश मिश्रा, परामर्शदाता एमएस देशकर व साइबर सेल प्रभारी प्रणाली वैद्य सहित विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

### पुष्पेंद्र सिंह का हुआ एमबीबीएस के लिए चयन

**गिधौरी** । मड़वा (गिधौरी) निवासी पुष्पेंद्र सिंह सांडे का चयन एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है इनका केटेगरी रैंक 96 है। पुष्पेंद्र शास.चन्दू लाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज दुर्ग में अध्ययन करेंगे। इनके पिता सीताराम सांडे, माता शैल कुमारी हैं। इनकी उपलब्धि पर माता-पिता ने खुशी जाहिर की है। इन्होंने कहा कि हम सबका सपना था कि बेटा डॉक्टर बनें ।











## पर्व : 64 अधिकारी-कर्मचारियों को मिला सम्मान, स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# स्वतंत्रता दिवस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों और मीसाबंदियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने विभिन्न शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 64 अधिकारी-कर्मचारियों को भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।







### भव्य परेड और रंगारंग कार्यक्रम

सुबह 9 बजे शुरू हुए इस समारोह में जिला पुलिस बल, नगर सेना, एनसीसी, स्काउट गाइड और रेडक्रॉस की टुकड़ियों ने शानदार परेड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर और सेकंड टू आईसी सब इंस्पेक्टर मेघनाथ बंजारे ने किया। ध्वजारोहण के बाद हर्ष के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।

### स्कूली बच्चों ने दी मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों में पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को द्वितीय और गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल को तृतीय पुरस्कार मिला। मलखंभ की प्रस्तुति को विशेष सांत्वना पुरस्कार दिया गया। समारोह में जिला ▶▶ शेष पेज 14 पर

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिन 64 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया, उनमें राजस्व विभाग से तहसीलदार युवराज सिंह कुर्रे और पटवारी राजीव रंजन पालेश्वर, पुलिस विभाग से निरीक्षक कैलाश चंद्र और रिता, वन विभाग से परिक्षेत्र अधिकारी सुमीत साहू, शिक्षा विभाग से सहायक ग्रेड-2 परमेश्वर दास पड़वार, और स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवराज कौशिक जैसे कई नाम शामिल थे। इन सभी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके बेहतर सेवा कार्यों की सराहना की गई।

## 38वीं वाहिनी आईटीबीपी ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**बलौदाबाजार।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 38वीं वाहिनी ने 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।





कमांडेंट रोशन सिंह असवाल के कुशल नेतृत्व में वाहिनी के विभिन्न केंद्रों पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज को सशस्त्र सलामी दी गई। कमांडेंट असवाल ने मुंजमेटा, नारायणपुर में तिरंगा फहराया, जबकि वाहिनी मुख्यालय, खरोरा, रायपुर में उप सेनानी ज्ञान चंद और ओरछा, नारायणपुर में सहायक सेनानी राजीव शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कमांडेंट असवाल ने सभी अधिकारियों और जवानों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि उनके त्याग की बदौलत ही हम एक स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। दोपहर के सत्र में 38वीं वाहिनी मुख्यालय के कैंप परिसर में जवानों के परिवारों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए जलेबी दौड़, जवानों के लिए बोरी दौड़, तीन टांग दौड़ और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। हिमवीर महिला सदस्यों के लिए म्यूजिकल चेयर और जोड़ों के लिए सुई-धागा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के बाद उप सेनानी ज्ञान चंद ने विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। ▶▶ शेष पेज 14 पर

## नपा दफ्तर में लहराया तिरंगा, अध्यक्ष अशोक जैन ने किया ध्वजारोहण



**बलौदाबाजार।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश को आजाद कराने वाले वीर क्रांतिकारियों व अमर शहीदों के बलिदान को याद किया।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें उन शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण करना है। ध्वजारोहण से पहले उन्होंने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने भी अपने विचार साझा किए और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सभापति, पार्षद, जनप्रतिनिधि और नागरिकों का नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। स्वतंत्रता दिवस के इस कार्यक्रम में सभापति जितेंद्र डड़सेना, आदित्य गुप्ता, सतीश पटेल, पार्षद कन्हैया सेन, शेखर गुप्ता, सलमान शेख, लोकेश चेलक, ममता सुभाष राव, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, डाइजेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, वरिष्ठ सेवा निवृत शिक्षक डीपी जैन,महेंद्र सलूजा सहित कई अन्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित थे।

## अयोध्या व काशी की तीर्थ यात्रा से लौटे पेंशनर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम व काशी विश्वनाथ धाम की यात्रा पर गए पेंशनर्स एसोसिएशन बलौदाबाजार इकाई के सदस्य एसडी पड़वार, केके वर्मा, जीपी वर्मा, आरपी मिश्रा और उनकी पत्नी आज अपनी यात्रा पूरी कर बलौदाबाजार लौट आए।

यात्रा से लौटे पेंशनर्स अत्यंत भावुक और प्रसन्न दिखे। उन्होंने बताया कि रामलला, हनुमान गढ़ी, सरयू तट और काशी विश्वनाथ के दर्शन उनके जीवन का एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केबिनेट मंत्री और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी अनुशंसा से ही यह यात्रा संभव हो पाई। पेंशनर्स ने ▶▶ शेष पेज 14 पर

## विधायक संदीप के नेतृत्व में निकली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू ने शनिवार को कसडोल नगर में मशाल यात्रा निकाली। जो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल से डॉक्टर कन्हैयालाल शर्मा चौक तक मशाल यात्रा रही। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मशाल लेकर सड़क पर उतरे वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ मशाल यात्रा निकाली गई।

मशाल यात्रा को लेकर कांग्रेस विधायक संदीप साहू ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान में जिला स्तरीय वोट चोर गद्दी छोड़ का





आयोजन हुआ है आप सभी पूरे देश को मालूम है कि किस तरह राहुल गांधी ने अपना एक पक्ष रखा किस तरह मतदाता के नाम से हेरा फेरी हो रहा किस तरीके से नाम को जोड़ा जा रहा है नामों को अवैध तरीके हर राज्यों में आप देखेंगे कि महाराष्ट्र में कैसे 70 लाख नाम बढ़ गए और बिहार में 60 लाख नाम कट गए और जब चुनाव आयोग के समक्ष राहुल जी अपना पक्ष रखते हैं तो चुनाव आयोग उस पक्ष को सुनने इंकार कर रही है अपना पक्ष नहीं रख रही है उल्टा जो बीजेपी के लोग हैं ओ उनके वकील के रूप में डिफेंड करने की कोशिश कर रहे हैं।

## मोहरा तिगड्डा पर ट्रक-बाइक की भीषण टक्कर, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

स्थानीय मोहरा तिगड्डा चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सड़क के बीच अचानक खराब होकर खड़े एक ट्रक (क्रमांक सीजी 04 एमडी 5372) में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 04 एनयू 1166) जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

- बीच सड़क में खड़ा था खराब ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खराब ट्रक सड़क के बीचो-बीच खड़ा था और उचित संकेतक (इंडिकेटर) नहीं लगे थे, जिसके कारण पीछे से आ रहे बाइक सवार को ट्रक दिखाई नहीं दिया। जोरदार टक्कर में युवक के सिर, हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचित किया, जिसने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उसका इलाज जारी है।



### सड़क सुरक्षा के इंतजाम की मांग

मोहरा तिगड्डा चौक पहले से ही एक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, जहां आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की जरूरत को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ऐसे संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। पुलिस को भी इस घटना की सूचना दे दी गई है।

### लापरवाही पर लोगों में आक्रोश

इस हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना था कि खराब वाहन को सड़क के बीच खड़ा करना और किसी तरह का सुरक्षा संकेत न देना ट्रक चालक की बड़ी लापरवाही है, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। लोगों ने ऐसी लापरवाही पर पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मंदिरों में सजावट और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण

# जन्माष्टमी की धूम, मटकी फोड़ और राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिलेभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंग में डूबा नजर आया। बलौदाबाजार के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर और महावीर देव मंदिर (बजरंग चौक) को विशेष रूप से सजाया गया, जहां रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया।

- बच्चों की फैंसी ड्रेस और दही-हांडी ने बढ़ाई पर्व की रौनक

ग्रामीण अंचलों से लेकर शहर तक जगह-जगह मटकी फोड़, फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।



बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नगर पंचायत पलारी में सिद्धेश्वर युवा वंश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1 से 12 वर्ष तक के 100 से अधिक बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान हाथी-घोड़ा-पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा क्षेत्र श्रीकृष्णमय हो उठा।

### बच्चों ने बिखेरा राधा-कृष्ण का मोहक रंग

फैंसी ड्रेस में सजे बच्चों ने कृष्ण के बालरूप, राधा की सजीव झांकी और नृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी मासूमियत और समर्पण से हर कोई भावविभोर नजर आया। माता-पिता और दर्शक मंच के पास भावनाओं में डूबे रहे।

### तीसरे वर्ष भी सिद्धेश्वर युवा वंश का आयोजन

संरक्षक जितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू और मनीष चंद्राकर ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया गया। हर बार की तरह इस वर्ष भी स्थानीय लोगों की भागीदारी और समर्थन से आयोजन भव्य बना। शाम 6 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।




























संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

## श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह जूलूस में पधारे सभी श्रद्धालु, भक्तों का हार्दिक अभिनंदन...




गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में
2096 फीट लम्बा तिरंगा

जिसे 1378 छात्र-छात्राओं द्वारा फहराकर भाटापारा नगर एवं अपना नाम दर्ज कराया
400 सौ से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

समाज सेवी
डॉ. अरुण छाबड़ा

को नई दिल्ली आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मैडल के साथ से सम्मानित किया गया



डॉ. अरुण छाबड़ा (बन्टी)
गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर





विचित्र राम वर्मा — दस्तावेज लेखक
सुनील शर्मा — स्टाम्प वेंडर
अश्वनी क्षत्री — स्टाम्प वेंडर



आशीष कुमार चतुर्वेदानी
सरपंच

# ग्राम पंचायत खोखली
## जनपद पंचायत भाटापारा



रूपेन्द्र कुमार वर्मा
सचिव



बंशीलाल यादव (उपसरपंच), सुखमल भारद्वाज, भुरूश मिरी, ज्योति मिरी, भगवंतीन भारद्वाज, केशर यादव




छन्नू ध्रुव, सीमा यादव, द्रोपती साहू, रीना ध्रुव, मुलेश्वर मिश्रा



मा. इन्द्रसाव
विधायक, भाटापारा

शादाब जालियावाला
विधायक प्रतिनिधि
GNA भाटापारा

TVS



T.V.S. दुपहिया वाहनों के अधिकृत विक्रेता
# इंडियन मोटर्स
तरेंगा रोड, भाटापारा

# आस्था नर्सिंग होम
पटपर रोड, भाटापारा
आपातकालीन सुविधा उपलब्ध



डॉ. हासानंद सहेता
हड्डी रोग विशेषज्ञ
मो. 98271-10433





अशोक कुमार अग्रवाल
भाटापारा



# माहेश्वरी इलेक्ट्रिकल
सदर बाजार, भाटापारा
प्रो. आनंद चांडक




# ललिता नारायण जोगी
सरपंच
ग्राम पंचायत टेहका

# बलराम साहू
सचिव
ग्राम पंचायत टेहका





राधेश्याम शर्मा जी
पूर्व विधायक, भाटापारा





राजेश शर्मा जी



अमित शर्मा
पूर्वजनपद अध्यक्ष
भाटापारा

प्रवेश प्रारंभ
2025-26

बलौदाबाजार जिले का
एक मात्र शिक्षा कालेज

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का कोर्स प्रारंभ

जिले का पहला मॉडल आई.टी.आई.

## कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं
NCERT से मान्यता प्राप्त पं. रविशंकर शुक्ल
विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय

- बीएड. 2 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी.ए.3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी. काम.
- कम्प्यूटर एप्लीकेशन 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी.एस.सी. 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- डी.सी.ए. 1 वर्ष
- पी.जी.डी.सी.ए.
- बी.सी.ए.3 वर्ष-(सेमेस्टर प्रणाली)

विगत 13 वर्षों से निरंतर
उच्च शिक्षा के साथ करें
सपनों को साकार

## कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आई.टी.आई. (कोपा)

NCVT DGT से मान्यता प्राप्त मो.:-78790-55777,07726-29141
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन नया ट्रेड - फिजियोथेरेपी- सोलर इलेक्निशियन

## कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट
### डी फार्मा पाठ्यक्रम

Affiliated by:
Affiliation
Chhattisgarh Swami Vivekanand
Technical University
(CSVTU), Durg (C.G.)
Approved by:
Pharmacy Council of India (PCI),
New Delhi, DTE.Govt.Raipur



नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम लागू
प्रवेश हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें

देवरी रोड, भाटापारा, 96307-36193,70009-65887

लिटिल स्कालर्स-हथनीपारा, भाटापारा,
मिसेस अंजलि मनीष शुक्ला 98261-19418

E-Mail-kksipharma@gmail.com
Website-wwwkksipharma.in
देवरी रोड, भाटापारा
7000966744, 7566182662



संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392



समस्त प्रदेशवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनिमेष स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड
अनिमेष स्पॉत प्राईवेट लिमिटेड
MAHENDRA

## खबर संक्षेप

### संविधान को स्कूली शिक्षा में शामिल करने की उठी मांग



**गिधौरी।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे की जड़ों को मजबूत करने और नई पीढ़ी को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से पूर्व प्राचार्य डॉ. ए.आर. बंजारे ने भारत के संविधान की प्रस्तावना और प्रमुख अनुच्छेदों को स्कूल शिक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कुल 15 जनप्रतिनिधियों को पंजीकृत डाक से पत्र भेजा है। डॉ. बंजारे का कहना है कि संविधान को छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि छात्र न केवल मौलिक अधिकार और कर्तव्यों को जान सकें, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को भी समझ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि पहले भी यह मांग भूपेश बघेल सरकार के समय की गई थी, जिस पर आंशिक कार्यवाही हुई थी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। डॉ. ए.आर. बंजारे ने बताया कि भारत का संविधान न केवल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का मार्गदर्शक है, बल्कि यह नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी करता है। यदि संविधान की मूल बातों को स्कूल स्तर पर सिखाया जाए, तो छात्र बेहतर नागरिक बन सकते हैं और समाज में कानून के प्रति सम्मान बढ़ेगा। यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक अहम कदम होगा। बघेल और राज्यपाल को भी 2021 में पत्र भेजा था।

## पेज 11 के शेष

### स्वतंत्रता दिवस पर...

पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल और प्रमोद कुमार शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता और अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 38वीं वाहिनी ...

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी हिमवीर परिवारों और पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस दौरान कैंप परिसर में मीना बाजार भी लगाया गया था, जहां विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जिन्होंने पूरे वातावरण को उत्सवपूर्ण बना दिया।

### अयोध्या व काशी ...

बताया कि बलौदाबाजार से यात्रा प्रारंभ होते ही आयोजकों ने हर पहलू का ध्यान रखा। चाहे वह भोजन हो, विश्राम की व्यवस्था हो या सुरक्षा — हर चीज़ में सरकारी सेवा की गरिमा दिखी। उन्होंने भावविभोर होकर कहा कि पूरी यात्रा में हमारा एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ। वरिष्ठ नागरिकों ने माना कि यह योजना उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में आत्मिक संतोष और शांति प्रदान करती है। सरकारी खर्च पर तीर्थ यात्रा जैसी सुविधा उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का एहसास कराती है। इस योजना को सभी ने वरदान बताया।

## निधन

### भोजराम पटेल



**गिधौरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी निवासी भोजराम पटेल का निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम के मुक्तिधाम किया गया । जहां स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल हुए और मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किए।

**पर्व : विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक रंग में रंगा जन्माष्टमी कार्यक्रम भी आयोजित**

# सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में मेधावी छात्रों का सम्मान, जन्माष्टमी पर सजी राधा-कृष्ण झांकी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में 79वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय और उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, सचिव देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, संरक्षक एस. के. मिश्रा और प्राचार्य जयलाल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से तिरंगा झंडा फहराया और भारत माता की आरती की। इस अवसर पर वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा द्वारा किए गए पूर्व घोषित पुरस्कार राशि क्रमशः 3100, 2100, 1100, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, सभापति अजय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भैया-बहनों द्वारा राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। संचालन विष्णु प्रसाद केवट और रामसहाय साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन आचार्य बालकृष्ण तिवारी ने किया।पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा द्वारा गत वर्ष की गई घोषणा के अनुरूप तीन श्रेणियों में मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और मेहनत के प्रति नई प्रेरणा देखने को मिली।स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ जन्माष्टमी पर्व को भी मनाया गया। कक्षा अरुण से पंचम तक के छात्रों ने राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर सिमगा में भव्य आयोजन, विधायक इन्द्र साव हुए शामिल

**सिमगा ।** सिमगा नगर में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा, धार्मिक झांकियां, अखाड़ा प्रदर्शन, और भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म और न्याय की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों से सीख लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने नगरवासियों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। देर रात तक झांकियों और भजन-कीर्तन में नगरवासी डटे रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर नगर में अभूतपूर्व जनभागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग—सभी झांकी दर्शन, शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे उत्साह से शामिल हुए। कृष्ण और राधा के वेश में सजे बच्चों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया।



## कृष्ण जन्माष्टमी पर मटका फोड़ व दही लूट कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**खरोरा ।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एबीसी स्कूल सारागांव में मटका फोड़ और मटकी से दही लूट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एबीसी स्कूल के सीईओ सर, प्राचार्य सर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और श्रीफल तोड़कर किया गया।



नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के लगभग सभी बच्चे श्रीकृष्ण और राधा के रंगीन परिधान में सजे नजर आए, जिससे पूरी जगह वृंदावन का सजीव नजारा बन गया। बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ मिलकर रास और गरबा का आनंद लिया। कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने अपने बनाए आकर्षक श्री कृष्ण-राधा के ड्राइंग और स्केच की प्रदर्शनी लगाई। मटका फोड़ने के बाद बच्चों के विभिन्न समूहों ने मटकी से दही लूट प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने एकता और संगठन का परिचय देते हुए पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। सभी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के बच्चों ने न केवल मटका फोड़ में भाग लिया, बल्कि अपनी कला के माध्यम से कृष्ण-राधा की छवि भी उकेरी। ड्राइंग और स्केच की प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा की झलक देखने को मिली, जिससे स्कूल में शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का समन्वय साफ नजर आया।

**प्राचार्य और सीईओ ने बच्चों व शिक्षकों को दी बधाई :** स्कूल के सीईओ ने सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई दी, वहीं प्राचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे सभी शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं और ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का संकल्प जताया।

### उल्लास के साथ मनी कृष्ण जन्माष्टमी, ग्रामीण अंचलों में विविध कार्यक्रम



**हिरमी रावन ।** हिरमी, मोहरा, कुथरौद, मुसवाडीह, आलेसुर, तिल्दा-बांधा, नेवारी, फूलवारी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ हिरमी में विशेष पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।हर गांव में राधा-कृष्ण सजाओ, मटका फोड़, दही लूट और भजन-कीर्तन के कार्यक्रमों ने जन्माष्टमी को यादगार बना दिया। मोहरा बस स्टैंड पर बजरंग दल व स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. मोहनलाल वर्मा (सभापति, जिला पंचायत बलौदाबाजार) ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि दही हांडी प्रतियोगिता भगवान के बालरूप और शरारती स्वभाव का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित युवाओं को श्रीकृष्ण की 16 कलाओं के बारे में जानने के लिए प्रेरित किया। मटकी फोड़, भजन-कीर्तन, राधा-कृष्ण की झांकियों से गांव-गांव में भक्ति का माहौल रहा। हर उम्र के श्रद्धालुओं ने उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पुत्र की लंबी आयु की कामना के लिए रखा गया कमरछठ उपवास

**अर्जुनी।** संतान की सुख समृद्धि और लंबी आयु की कामना का पर्व गुरुवार को माताओ ने हलषष्ठी याने कमरछठ का उपवास रख व नियत स्थान पर सगरी बनाकर पूजन किए व पसहर चावल का खिचड़ी खाकर व्रत का परायण की। दोपहर के बाद महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी अपने अपने मोहल्लों व मंदिरों में जुटी रही। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी माताओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। हलषष्ठी व्रत संतान की लंबी आयु के लिए माताओं द्वारा रखा जाता है। 14 अगस्त दिन गुरुवार को माताएं यह व्रत रखकर व नियत स्थानों में एकत्रित होकर मिट्टी का सगरी गौ माता बलराम व नाव नावक बनाकर विशेष प्रकार के सामान से पूजा अर्चना आरती करते हुए कथा का श्रवण किया। इस पर्व में विशेष प्रकार के पूजन सामग्री लाई महुआ के फल दोना पत्तल दातौन पसहर चावल छह प्रकार की भाजी भैंस का दूध, दही, घी नारियल छुही का उपयोग पूजन में किया जाता है। व्रत धारी महिलाए निश्चित स्थान पर एकत्रित होकर सामूहिक पूजन कर हलषष्ठी महारानी का कथा सुने फिर आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद अपने अपने बच्चों को सिंदूर का तिलक लगाकर बच्चों की पीठ पर पीली पोती लगाकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। शाम होते ही जैसे ही सूर्य अस्त हुआ वैसे ही व्रतधारी महिलाओं ने पसहर चावल छह प्रकार की भाजी और दही का सेवन कर व्रत का समापन किया।



### हलषष्ठी पर महिलाओं ने संतानों के लिए किया व्रत

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी समेत अंचल में कमरछठ पर्व (हलषष्ठी) को परंपरा, श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस पर्व में माताओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखा और पूजा अर्चना की। सुबह से ही व्रती महिलाएं स्नान कर मिट्टी से बने हल और बैल की पूजा के लिए सगरी बनाते नजर आईं। सगरी के पास सामूहिक रूप से बैठकर महिलाओं ने दूध, दही, भुट्टा, चना, गुड़, नारियल, लाई और महुआ जैसे पारंपरिक पदार्थों से पूजा की। पंडितों द्वारा हलषष्ठी कथा सुनाई गई। इसके बाद सगरी के जल से बच्चों को स्नान कराया गया और छह प्रकार की भाजी और पसहर चावल से बनी प्रसादी ग्रहण कर व्रत का समापन किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं।



## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा रविवार को गार्डन चौक स्थित अटल परिसर प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में उनके राजनीतिक जीवन, दूरदृष्टि, और राष्ट्रीय योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें युगपुरुष बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साहू, वरिष्ठ नेता टेशुलाल धुरंधर सहित कई गणमान्य नेता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व आज भी प्रेरणा का स्रोत है।

**राष्ट्र निर्माण की नींव रखने वाला व्यक्तित्व :** स्व. अटल बिहारी वाजपेयी न केवल भारतीय राजनीति के एक शिखर पुरुष थे, बल्कि उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र की नींव रखी थी। उनके कार्यकाल में भारत ने सड़क विकास योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, कूटनीतिक मजबूती और संवाद की राजनीति को नई ऊंचाई दी। उनकी भाषण शैली और विचारशीलता आज भी जनमानस में जीवित है।

### भाजपा नेता और कार्यकर्ता हुए शामिल

श्रद्धांजलि सभा में शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, मंडल महामंत्री संजय श्रीवास, पार्षद जितेंद्र डडसेना, अजय गर्ग, मनोज कांत पुरैना, कन्हैया सेन, अक्षर अग्रवाल, राहुल सोनी, सुशीला वर्मा, एडवोकेट शब्बा अली खान, योगेश अग्रवाल, धीरज बाजपेई, रवि साहू, नीरज सोनी, लोकेश्वर निषाद, लोकनाथ जायसवाल, अंशु ताम्रकार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**झंडा यात्रा और मेले के साथ श्रद्धा और परंपरा का भव्य संगम**

# गुरु बालकदास जन्मोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

विश्व प्रसिद्ध गिरौदपुरी धाम, जो कि संत गुरु घासीदास बाबा की जन्मस्थली और तपोभूमि है, वहां शनिवार को उनके पुत्र गुरु बालकदास जी के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक अवसर पर शामिल हुए।

- प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद, दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़

गुरु बालकदास जी का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। इस मौके पर सतनामी समाज द्वारा परंपरागत झंडा यात्रा निकाली गई, जिसमें बाजे-गाजे के साथ सादा झंडा लेकर श्रद्धालु मुख्य मंदिर तक पहुंचे। मुख्य मंदिर, छातापहाड़, पंचकुंडीय, अमृत कुंड, चरण कुंड सहित अन्य पवित्र स्थलों पर श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। जिले के प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यवस्था चाकचौबंद रखी गई थी। स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मेला स्थल पर मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।जन्मोत्सव के अवसर पर गिरौदपुरी में विशाल मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें हर प्रकार के स्टॉल लगाए गए। श्रद्धालुओं को खानपान, दर्शन और सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था दी गई थी। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।





### गुरु बालकदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

कार्यक्रम में सतनामी समाज के नेताओं ने गुरु बालकदास और अमरदास जी के सिद्धांतों व जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। विजय शास्त्री, रामकुमार मिरी, प्रदीप रात्रे, भूषण शास्त्री, अनिल शास्त्री और सरपंच राजा राम पटेल समेत कई समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं से धर्म और सामाजिक एकता के मार्ग पर चलने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### हड़हापारा में पार्षद भानु प्रताप ने किया ध्वजारोहण

**कसडोल।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय हड़हापारा में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर वार्ड पार्षद भानु प्रताप साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व माँ सरस्वती के चरण वंदन से हुई। इसके बाद छात्रों ने राष्ट्रगान और राजकीय गीत प्रस्तुत किए। प्रधानपाठिका हेमिन श्रीवास, शिक्षक दाताराम साहू, संजय यादव व अशोक साहू ने पार्षद साहू का पुष्पगुच्छ व वंदन कर स्वागत किया। नन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में भानु प्रताप ने कहा कि 200 वर्षों के संघर्ष के बाद भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और अमर जवानों को याद करते हुए कहा कि उनकी वजह से ही आज हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्कूल को सुरक्षित, शिक्षित और समृद्ध बनाने का आह्वान किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनभागीदारी अध्यक्ष रमेश साहू, रामकुमार कैवर्त्य व वार्डवासी उपस्थित थे।

### सरपंच ने किया ध्वजारोहण निकाली गई रैली



**कसडोल।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला टेमरी में स्वतंत्रता दिवस ग्राम पंचायत टेमरी के सरपंच लक्ष्मी पैकरा, बगार सरपंच एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शिक्षक बंधुओं, गांव के गणमान्य नागरिकों के बीच ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। बच्चो के द्वारा पंचायत भवन में ध्वजारोहण करने के पश्चात गांव में रैली निकाली गई। तत्पश्चात शाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों का स्वागत किया गया। संकुल समन्वयक/प्रधानपाठक पटेल सर द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। बच्चों के मिष्ठान के लिए हमारे शाला समिति के अध्यक्ष सोनसिंह पैकरा द्वारा 1000, सरपंच द्वारा बच्चो के कार्यक्रम के लिए 500, स्व हीराराम पैकरा की धर्म पत्नी द्वारा 100 रुपए प्रदान किए।

### स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी उत्सव की धूम



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहन राव पवार, विशेष अतिथि ईश्वरी प्रसाद देवांगन, समाजसेवी सूरज सोनी एवं डॉ. गुलाब टिकरिहा द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों ने भारत माता एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेवी सूरज सोनी ने विद्यालय के 17 जरूरतमंद विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण वेशभूषा में नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। विद्यालय प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सभी आचार्यगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत में प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

**पर्व : प्रभात फेरी में छोटे बच्चों का देशभक्ति का रंगीन प्रदर्शन**

# नगर व अंचल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर सहित पूरे अंचल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख चौक, स्कूल और शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण हुआ। सुबह स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति के नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। इस प्रभात फेरी में छोटे-छोटे बच्चे विभिन्न वेशभूषा में तिरंगा लिए चल रहे थे, जो मुख्य आकर्षण बने।

नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार और वरिष्ठ नागरिक शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष भाटिया ने गांधी मैदान व जय स्तंभ चौक पर हजारों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। डीजे की धुन पर राष्ट्रगान, राजकीय गीत एवं देशभक्ति गीतों ने माहौल को गौरवमयी बनाया।

गांधी मैदान में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं देशभक्ति के गगनभेदी नारे पूरे समारोह में गुंजायमान रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नदी में डूबे व्यक्ति की जान बचाने वाले साहसी युवक, गौ रक्षक, सेवानिवृत्त जवानों और परीक्षा में उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान किया। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक माखनलाल कुंभकार ने 2025-26 में कक्षा 12वीं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 10 हजार और कक्षा 10वीं के छात्रों को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।



## ज्ञानोदय शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**हिरमी रावन।** ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में आजादी की 78वीं वर्षगांठ और देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 8:30 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्राचार्य पीआर वर्मा, तामेश्वर जायसवाल, मुख्य अतिथि प्रेमलाल सिन्हा और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा लगाए गए देशभक्ति के नारे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।



ध्वजारोहण के बाद प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने बच्चों को भारत के स्वाधीनता आंदोलन के बारे में बताया और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के शिशुओं, अभिभावकों और शिक्षकों में खास उत्साह देखने को मिला। शिक्षिका शैल वर्मा और रमा मढरिया ने देशभक्ति गीत और छत्तीसगढ़ का राज गीत गाकर माहौल को और भी अधिक देशभक्तिपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को मिष्ठान वितरण कर समारोह की समाप्ति की घोषणा की गई।

## थाना परिसर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गिधौरी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गिधौरी थाना परिसर में भव्य परेड और ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही परिसर देशभक्ति के उल्लास से गुंजायमान था। थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल ने अनुशासित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं वालंटियर्स सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। देशभक्ति के गीतों और जयघोष से वातावरण गौरवमयी बन गया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और देश की एकता एवं विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। अंत में



अतिथियों का मिष्ठान वितरण कर सम्मान किया गया। यह आयोजन पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करने वाला भी साबित हुआ।

गिधौरी थाना परिसर में पुलिस बल की अनुशासित परेड ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज को गर्व से फहराया गया।

कार्यक्रम ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल किया, बल्कि पुलिस और जनता के बीच सहयोग एवं विश्वास बढ़ाने का संदेश दिया।

### धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बलौदाबाजार।** एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड इंग्लिश मिडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार तिवारी ने संपन्न कराया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक अभिषेक तिवारी ने कहा कि विविध भाषा, वेशभूषा, परंपरा और संस्कृति के बावजूद हम 140 करोड़ भारतीय एक हैं और हमें एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, संयम और सक्रियता के साथ शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लें, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास राष्ट्र उत्थान में सहायक हो। कार्यक्रम में बच्चों ने राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, मार्चपास्ट, नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता और भाषणों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

### दतान में एनएसएस स्वयंसेवकों ने दी वीरता को सलामी

**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (खैरा) में 79वां स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पूर्व सैनिक व वर्तमान प्राचार्य चंद्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में परेड और सलामी दी। गांव की प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम गरिमामय और देशभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।
वीरता पूर्ण परेड, भारत माता की आरती, प्रभात फेरी, राधा-कृष्ण रूप सज्जा और देशभक्ति गीतों से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। पूर्व सैनिक प्राचार्य बंछोर ने युवाओं को आजादी के मायने और शहीदों की वीरगाथा से अवगत कराते हुए प्रेरणास्पद वक्तव्य दिया। गांव में पहली बार किसी विद्यालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर इतनी व्यवस्थित और प्रभावशाली परेड का आयोजन हुआ। प्राचार्य चंद्र कुमार बंछोर जो खुद सेना से सेवानिवृत्त हैं, उन्होंने स्वयंसेवकों को सलामी की तकनीकी बारीकियाँ सिखाईं। सरपंच चंद्रा देवी महिलांग, उपसरपंच, पंचगण व अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस दृश्य को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि टीवी में जो परेड दिखती है, वह अब हमारे गांव में भी देखने को मिली।
कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राधा-कृष्ण के रूप में सजकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रभात फेरी में गांव की महिलाओं ने जगह-जगह आरती उतारी और भारत माता के जयकारों से गांव गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई।



### अगापे सोसाइटी ने बच्चों को दिए स्कूल बैग



**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अगापे ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने शासकीय प्राथमिक शाला, नयापारा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। सोसाइटी के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए ताकि वे अपनी पढ़ाई को और अधिक सुचारू रूप से जारी रख सकें। यह पहल शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के अध्यक्ष ए. देवदास, उपाध्यक्ष सर्वजीत मसीह, सचिव ऐली मसीह, उपसचिव दीनबंधु बाग और कोषाध्यक्ष दीपक रंजन समेत सभी सम्मानित सदस्यों के संयुक्त प्रयास से सफल रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति वार्ड के पार्षद प्रतेश राठौर उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, खरोरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के रंग में मनाया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा (विधायक, धरसीवां) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक डॉ. देवजी भाई पटेल की अध्यक्षता में स्काउट, गाइड, एनएसएस एवं रेडक्रॉस छात्रों की परेड ने सबका मन मोह लिया।समारोह में कक्षा 9 से 12 तक प्रथम स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को



नकद पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ाया। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने माहौल को भावुक और गर्वपूर्ण बना दिया। पद्मश्री अनुज शर्मा ने खरोरा में लगे 100 फीट ऊंचे तिरंगे को नगर की शान बताते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के लिए प्रेरित किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**पलारी।** शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस अंचल में हर्षोल्लास और देशभक्ति भाव के साथ मनाया गया। शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में गणमान्य नागरिकों ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति सम्मान प्रकट किया। 'भारत माता की जय', 'जय जवान जय किसान', 'गांधी-अंबेडकर अमर रहें' जैसे नारों से पूरा अंचल गूंज उठा।

स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालते हुए आजादी के महापुरुषों की जयघोष की। देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा। तिरंगे रंग के गुब्बारों से शहीद स्मारकों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। नगर पलारी में नगर अध्यक्ष गोपी, जनपद



कार्यालय में सविता भीम यादव, शहीद स्थल पर शिव वर्मा, बैंक में योगेश चंद्राकर, स्वामी आत्मानंद स्कूल में अमित वर्मा, और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। वहीं ग्रामीण अंचल के देवसुंदरा, घिरघोल और दतान ग्राम पंचायतों में सरपंचों ने ध्वज फहराकर आजादी के अमर शहीदों को नमन किया। हर उम्र, हर वर्ग के नागरिकों की सहभागिता ने इस दिन को गौरवमयी बना दिया।

## उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा



**सिमगा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत नवागांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्र के इंचार्ज ने बताया कि यह केंद्र सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से लैस है, जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार अपने ही गांव में मिलेगा और दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल पाण्डेय ने पार्टी की विकास योजनाओं को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि विकास की यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। ग्राम पंचायत की सरपंच नीरा कोसले ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। उप स्वास्थ्य केंद्र की विशेषताएंनवागांव का उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी सभी सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे ग्रामीणों को समय पर और सहज उपचार उपलब्ध होगा। मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य दौलत पाल, जनपद अध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सरपंच नीरा कोसले समेत कई गणमान्य लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खैरी पंचायत के युवा मलखंभ खिलाड़ियों को मिला एसपी से सम्मान

**बगबुड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के चक्रपाणि महाविद्यालय में आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत खैरी के मलखंभ टीम के कप्तान दुष्यंत घृतलहरे और पृथ्वी खुटे को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा शील्ड और मेडल से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेहनत के कारण दिया गया। इस अवसर पर उनके परिवारजनों, ग्राम पंचायत के सरपंच चितरेखा लक्ष्मीनारायण घृतलहरे, अन्य ग्रामवासियों एवं कोच अकलेश नारंग, नोडल अधिकारी प्रीती बंछोर की मौजूदगी में खुशी



की लहर देखी गई।

15 वर्षीय दुष्यंत घृतलहरे और पृथ्वी खुटे ने कड़ी मेहनत और लगन से मलखंभ में प्रदेश स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। दुष्यंत के चाचा मनीष घृतलहरे भी रग्बी और फुटबॉल में राज्य स्तरीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दुष्यंत को प्रेरित किया। दुष्यंत और पृथ्वी का सपना है कि वे छत्तीसगढ़ की टीम से नेशनल स्तर पर खेलें और इस लक्ष्य के लिए उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है।मलखंभ टीम के सम्मान से ग्राम पंचायत खैरी में उत्साह की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दुष्यंत और पृथ्वी जैसे युवा नए जोश और जुनून के स्त्रोत हैं, जो क्षेत्र के अन्य बालकों-बालिकाओं को प्रेरित करेंगे। सभी का मानना है कि ये युवा अपने संघर्ष और समर्पण से गांव और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।




### सशिमं में स्वतंत्रता दिवस समारोह

**बलौदाबाजार।** सरस्वती शिशु मंदिर में समिति अध्यक्ष विजय केसरवानी के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला के भैया बहन द्वारा गांधी चौक से घोष के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सरस्वती माता एवं भारत माता के पूजन पश्चात मुख्य अतिथि विजय केसरवानी द्वारा समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य के साथ ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर मनमोहक कार्यक्रम एवं भाषण तथा कविता पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्था के सचिव एवं व्यवस्थापक राज नारायण केसरवानी, उपाध्यक्ष खोडस कश्यप, सदस्य अक्षर अग्रवाल के अलावा आचार्य गण एवं छात्र भैया बहिनें तथा पालकगण उपस्थित थे।

### रवान में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**रवान।** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि रामरूप दास महात्यागी के द्वारा झंडा फहराया गया। ध्वज के सम्मान में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। देशभक्ति के इसी वातावरण में विद्यालय के छात्रों ने एक शानदार परेड का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व संगीत के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के साथ ही विद्यालय में 10वीं 12वीं के परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीकांत साहू, धनेश दास वैष्णव, पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्रगण उपस्थित थे।
















संकलनकर्ता : शंकर सिंह राजपूत, मो. 9826123186

परमेश्वर वर्मा, मो. 7987665508










संकलनकर्ता- भानु प्रताप साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.), मो.- 9584860177























संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह जूलूस में पधारे सभी श्रद्धालु, भक्तों का हार्दिक अभिनंदन...

## गुरुदेव स्टोर्स
सदर बाजार, भाटापारा (छ.ग.)
मो. : 98271-96820, 62634-02664

अधिकृत विक्रेता - गुरूकुल इंग्लिस स्कूल, अम्बुजा विद्यापीठ, गवर्नमेंट मॉडल स्कूल टिकुलिया, जेसीस कान्वेंट, सेन्टमेरीज इंग्लिस स्कूल, लायंस कानवेंट एवं सभी इंग्लिस मिडियम एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों की पुस्तकें एवं सभी प्रकार की कॉपिया, प्रिंटेड रजिस्टर व स्टेशनरी सामग्री प्राप्त करें। अधिकृत डीलर - कंगारू लि., कोरस प्रा. लि., नटराज अप्सरा पेन्सील, रोरीटो पेन्स, लक्जर प्रा. लि हाउजर पेन्स, एडजेल पेन्स प्रा. लि. Wellcare Sanitizers

संबंधित प्रतिष्ठान- मीरा वेयर हाऊस, मंजू वेयर हाऊस सुरजपुरा रोड, भाटापारा (छ.ग.), किराये से उपलब्ध।
संपर्क करें 9827198820

## ग्राम पंचायत सेमरिया (ब)
जनपद पंचायत भाटापारा

श्रीमती महेश्वरी यदु (सरपंच) | श्री राधेश्याम टंडन (सचिव) | श्री हीरामणी यदु (सरपंच प्रतिनिधी)

श्रीमती पूर्णिमा अनंत (उपसरपंच)

पंचगण :: श्री भुनेश्वर यदु, श्रीमती मीना यदु, श्री खेमराम यदु, श्री रामनारायण गेदले, श्री शिवबती यदु, श्रीमती सुशीला कुर्रे, श्रीमती संतोषी बंजारे, श्रीमती सावित्री बंजारे, श्री राजू कुमार

## विजय गेहाणी
अध्यक्ष
भारतीय सिंधु सभा
युवा विंग भाटापारा

## श्री सांई इलेक्ट्रिकल्स एडं सिविल कंस्ट्रक्शन
हॉटल वृन्दावन के नीचे, रेस्ट हाऊस के पास, भाटापारा (छ.ग.)
प्रो. देवनाथ वर्मा मों. 95752-35677

सुरेश मसाले परिवार की ओर से आप सभी को स्वतंत्रता दिवस एवं तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
छत्तीसगढ़ का No1 मसाला ब्रांड
Suresh Chilli Powder | Turmeric Powder | Coriander Powder
100% NATURAL | ISO CERTIFIED
www.sureshmasale.in
पता - स्टेशन रोड, भाटापारा, संपर्क - +91 8319877633

## प्रवेश प्रारंभ
(एनसीव्हीटी / डीजीईटी नई दिल्ली से मान्यता)
### वर्तिका प्राई. आई.टी.आई.
COPA (कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) | STENOGRAPHER (HINDI) (स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटियल असिस्टेंट)

आईसेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
पाठ्यक्रम विवरण
Tally GST | Microsoft Office | PGDCA | DCA

प्रवेश हेतु संपर्क करें
प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक
शंकर वार्ड, सिनेमा लाईन
भाटापारा (छ.ग.)
मो.- 70004-08379

## ग्राम पंचायत तरेंगा
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी सांसद | श्री रोहित चक्रवर्ती सचिव, ग्राम पंचायत तरेंगा | मान. शिवरतन शर्मा जी पूर्व विधायक भाटापारा

श्रीमती त्रिवेणी साहू सरपंच ग्राम पंचायत तरेंगा | श्री सतीश सोनी उपसरपंच ग्राम पंचायत तरेंगा | श्री सनत ध्रुव पंचायत इंस्पेक्टर जनपद पंचायत भाटापारा | श्री धनेश साहू सरपंच प्रतिनिधी ग्राम पंचायत तरेंगा

## ग्राम पंचायत दतरेंगी
कमलेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत दतरेंगी | प्रसेन सिंह भट्ट सचिव ग्राम पंचायत दतरेंगी

सेठ भंवरलाल जी की नई दुकान
## कुशल ज्वेलर्स
सदर बाजार, भाटापारा
मो. 9827163457, 9827325075

## कपड़ा घर
सदर बाजार, भाटापारा
मो. 9827916002, 8770011663
तेजप्रकाश जैन
अध्यक्ष कपड़ा व्यापारी संघ भाटापारा
मनीष जैन, अमित जैन, मुकेश जैन

BANGUR CEMENT | UltraTech CEMENT | PRIMEGOLD CEMENT
BOSCH पॉवर टूल्स
## भट्टर लोहा बाड़ा
फर्म -
गिरिराज ट्रेडिंग कम्पनी
मंडी रोड एवं सदर बाजार भाटापारा
मो. 9754321900, 9329306368
वेल्डींग, कटिंग, सेफ्टी, इंडस्ट्रीयल गैस, पॉवर टूल्स, इलेक्ट्रीकल्स एवं हार्डवेयर

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह में पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन...
मा. भूपेश बघेल जी पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
15 AUGUST Happy Independence Day
इन्द्र साव विधायक भाटापारा

## ग्राम पंचायत खपराडीह ज.पं. भाटापारा
ज्ञानचंद ध्रुव सरपंच | रूपेश यादव उपसरपंच
राजेन्द्र उपाध्याय पंच | नरसिंग नेताम पंच | भुनेश्वर ध्रुव पंच | सनत ध्रुव पंचायत इंस्पेक्टर

संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट- फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम देखते रहे
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## ध्वजारोहण : जिपं में अध्यक्ष आकांक्षा ने किया ध्वजारोहण और शहीदों के बलिदान को किया याद

# ध्वजारोहण कर दी सलामी तथा एकता व विकास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस को जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा में धूमधाम से मनाया गया। नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को याद किया और स्वतंत्रता को एक जिम्मेदारी बताते हुए सभी को देश की एकता और विकास के लिए काम करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल द्वारा किया गया था। इस दौरान जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा, कि स्वतंत्रता दिवस हमें ब्रिटिश शासन के 200 वर्षों के बाद मिली आजादी और उन शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की खातिर अपना बलिदान दे दिया।

**मंच पर प्रमुख हस्तियां :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता और जिला पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और स्वतंत्रता दिवस का यह ऐतिहासिक पल मनाया। यह आयोजन देश के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को प्रदर्शित करता है।

**सीईओ ने किया सफल आयोजन :** जिला पंचायत के 15 अगस्त कार्यक्रम की सफलता का श्रेय मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) दिव्या अग्रवाल को जाता है। उन्होंने इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह समारोह न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम रहा, बल्कि एक ऐसा मंच बना जहां सभी ने मिलकर देश के प्रति अपनी देशभक्ति और सम्मान व्यक्त किया।



### विधायक कार्यालय में विजय केसरवानी ने किया ध्वजारोहण



बलौदाबाजार। माननीय कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के बलौदाबाजार विधायक कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा नेता एवं स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर साथ में भाजपा की जिला मंत्री सुनीता वर्मा, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, जागेंद्र पुरैना एवं तुलसी वर्मा के अलावा जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन वर्मा, मंडल महामंत्री संजय श्रीवास, भाजपा नेता रेवाराम साहू, दिनेश साहू, नरसिंग वर्मा, भूपेंद्र मनहरे, लक्ष्मी नारायण वर्मा, सुशीला तामेश्वर वर्मा, पवन जायसवाल, सरिता धनीराम मार्के, डिगेश्वरी वर्मा, केश कुमार जायसवाल, तरुण वर्मा, इंदु पंजवानी, टिकेश्वर वर्मा, पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं



बलौदाबाजार। स्वतंत्रता दिवस पर आज सुबह 8 बजे संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी ने ध्वजारोहण किया साथ ही परिसर में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, दीप्ति गौते सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# गोपालपुर में लहराया तिरंगा, गांववासियों में दिखा उत्साह

**गोपालपुर ।** जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पंचायत भवन न होने के कारण कार्यक्रम का आयोजन तालाब पार स्थित दुर्गा भवन में किया गया, जिसे अस्थायी पंचायत भवन के रूप में प्रयोग किया गया। सरपंच मानमती पहारु ने विधिवत पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके अलावा रामनाथ साहू ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में, जबकि हीरालाल साहू ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर में ध्वजारोहण किया। कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में भी ध्वज वंदन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और गांव के नागरिकों ने आपसी एकता व देश के प्रति समर्पण का परिचय दिया। ग्राम पंचायत गोपालपुर में स्थायी पंचायत भवन न होने के बावजूद भी दुर्गा भवन को अस्थायी मंच बनाकर पूरे जोश-खरोश से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि देशभक्ति के लिए सुविधाएं नहीं, संकल्प जरूरी होता है। ग्रामीणों ने सीमित संसाधनों में भव्य आयोजन कर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपसरपंच चन्द्रिका बाई साहू, सचिव पुनम जाटवर, पंचगण व ग्रामीण जनों की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही पूर्व उपसरपंच, पूर्व जनपद सदस्य, शिक्षक, मितानीन और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बनाया। यह आयोजन गांव की सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक भावना को सशक्त करता है।



# पीएमश्री स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस और निकाली तिरंगा रैली

**कसडोल।** नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान और राज्य गीत के साथ तिरंगे को सलामी दी गई।

बच्चों द्वारा गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना को प्रकट किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश शंकर साहू ने वीर जवानों को स्मरण कर बच्चों को देश सेवा की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सी. आर. साहू, के. पी. साहू और डी. आर. यादव सहित शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। अरपा, इंद्रावती, महानदी और शिवनाथ हाउस के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा संदेश के साथ नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली, जिसमें शहीद संत राम साहू अमर रहे के नारों से माहौल गूंज उठा। विभिन्न प्रतियोगिताएं नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, चित्रकला, वाद-विवाद का आयोजन शिक्षिकाओं के निर्देशन में हुआ। अंत में बच्चों को मिठाई, सेव और बूंदी का वितरण किया गया।





**देश सेवा की शुरुआत स्वयं से हो :** प्राचार्य : प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि देश सेवा केवल सीमा पर नहीं, अपने घरों, विद्यालयों और समाज से भी होती है। नशे से दूर रहकर, ट्रैफिक नियमों का पालन कर, स्वच्छता अपनाकर भी हम देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

**प्रतियोगिताओं से मिला जागरूकता का संदेश :** निबंध, स्लोगन, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता का संदेश दिया। इन आयोजनों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने समाज के प्रति सजग सोच को उजागर किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**मुंडा ।** ग्राम पंचायत बरदा में 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भव्यता और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पंचायत भवन, विद्यादायिनी शिशु मंदिर और शासकीय हाई स्कूल में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण हुआ। इस अवसर पर सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

ध्वजारोहण के उपरांत कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में कुमारी लता बंजारे, वर्षा, यामिका वर्मा, गोपाल वर्मा, भास्कर वर्मा, रीना बंजारे, प्रिंस वर्मा, यामिनी वर्मा, रितु बघेल, मुस्कान चतुर्वेदी समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। इसके साथ ही शासकीय स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत डॉ. किस लाल बंजारे को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश्वर भास्कर कुर्रे ने किया।

**सम्मान की सौगात से खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे:** सम्मान प्राप्त करते हुए बच्चों के चेहरों पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। इस प्रकार के सार्वजनिक मंच पर विद्यार्थियों को सम्मानित करना उनके आत्मबल को बढ़ाता है और शिक्षा के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करता है। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की।

**गांव के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही सक्रिय सहभागिताः** कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दुकालू बंजारे, उप सरपंच अनीता विकास बाघे, पंचगण और पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच, ग्राम सचिव, ग्रामीणजन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन गांव की सामुदायिक एकजुटता और देशभक्ति के जज्बे का प्रतीक बन गया।

### प्रेस क्लब में मना स्वतंत्रता दिवस, अध्यक्ष नरेश गनशानी ने किया ध्वजारोहण




बलौदाबाजार। 15 अगस्त को बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और स्वतंत्रता सेनानियों के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी ने राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ ही फ्रीडम फाइटर्स अमर रहें के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस मौके पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आजादी के दीवानों की वीरगाथाओं को याद किया। वक्ताओं ने पत्रकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिस तरह स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया, उसी तरह पत्रकार भी कलम के माध्यम से सच्चाई और जनहित की आवाज को बुलंद करते रहेंगे।

# मुसवाडीह में देशभक्ति की गूंज

**हिरमी रावन ।** ग्राम पंचायत मुसवाडीह में स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत की सरपंच अंजली पवन कुमार सारथी ने विधिवत रूप से ध्वजारोहण किया, जिसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान गाकर सभी ने आजादी के अमर वीरों को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच अंजली सारथी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संघर्ष और बलिदानों की पहचान है। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सतत विकास, सामाजिक समरसता, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता की अपील की। इस अवसर पर ग्राम सचिव, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, युवा वर्ग व ग्रामीणों की उत्साहपूर्वक उपस्थिति रही। बच्चे देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से सबका मन मोहते रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के जयघोष से हुआ।



स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन ग्राम मुसवाडीह में सामूहिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बन गया। हर ग्रामीण ने आजादी की कीमत को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लिया। यह आयोजन गांव के सामाजिक ताने-बाने को और भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

पूरे आयोजन के दौरान माहौल पूरी तरह से देशभक्ति के रंग में रंगा रहा। बच्चे हों या बुजुर्ग, सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर अपनी भावनाएं प्रकट कीं। देशभक्ति गीत, नारों और तिरंगा रैली ने आयोजन को और भी स्मरणीय और प्रेरणादायक बना दिया।

### खबर संक्षेप

## सिमरन और दीप्ति ने एमबीबीएस में पाया स्थान

**मुड़पार सरसीवां।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसीवां तहसील क्षेत्र की दो बेटियों ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अंचल का नाम रोशन किया है। बलौदी गांव की सिमरन जाटवर ने 139वीं रैंक प्राप्त कर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद में एमबीबीएस में प्रवेश पाया। वहीं पिकरीपाली गांव की दीप्ति जांगड़े ने 108वीं रैंक के साथ इसी कॉलेज में स्थान बनाया है। दोनों की सफलता पर परिवार, ग्रामवासी और क्षेत्रवासी अत्यंत हर्षित हैं। सिमरन के पिता श्यामलाल जाटवर व माता गुरुवारी जाटवर और दीप्ति के पिता दिलीप जांगड़े व माता फुलेश्वरी जांगड़े ने बेटियों की उपलब्धि पर गर्व जताया। यह सफलता अंचल की बेटियों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, जिससे पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।





## संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा व्रत



**खरोरा ।** प्रदेश का पारंपरिक त्यौहार कमरछठ आज गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ग्राम केसला, माठ, बुडेनी मुरा, मोहरेंगा, तुलसी के समस्त माताओं द्वारा अपने बच्चों के लंबी उम्र के लिए दिन भर उपवास रखा गया और शाम को लाई, पसहर, महुआ, दूध, दही आदि का भोग लगाकर सगरी की पूजा की गई। हलषष्ठी व्रत बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति या वर्ग के लोग मानते हैं। इस त्यौहार को हलषष्ठी, हलछठ, कमरछठ या खमरछठ के नाम से भी जाना जाता है व्रत के दिन इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर, स्नानकर व्रत धारण किया। दोपहर के बाद महामाया चौक के पास सगरी बनाकर उसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर, पलास, गुलर आदि पेड़ों की टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी गणेश, मिट्टी से बने हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी समेत सुहाग को दूसरी चीजों को माता को समर्पित कर व्रत पूर्ण किया। इस प्रकार यह पर्व गनियारी के सभी मोहल्लों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण बनकर पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

हर साल की तरह इस साल भी जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भाटापारा में श्री अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिंधी समाज की सिंधुणी सेवा समिति ने एक मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने भगवान कृष्ण और राधा का स्वरूप धारण कर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह को बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कार वितरण का कार्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, रायपुर के पदाधिकारियों के साथ-साथ भाटापारा की पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत, पूज्य बिरादरी पंचायत और सिंधी महिला मंडल के पदाधिकारियों के हाथों से संपन्न हुआ। सभी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की गई। कृष्ण के स्वरूप में रियांश थारानी, वैदिक थदवानी, वरदान वनवानी, नमन वनवानी, कृष्णा लखवानी, नयन लखवानी, मनन गेहाणी, सरल आर्य, युवान गेहाणी, राम तलरेजा, रियांश लक्षवानी, शिवांश पारय्वानी, देवेश आर्य, जयदेव गंगवानी, युवराज बजाज और आर्यन गेहाणी ने सबका मन मोह लिया। वहीं, राधा के रूप में कनिष्का चंदानी, जाह्नवी चैनानी, हंसिका गोविंदानी, सान्या लखवानी, दक्षा लखवानी, रूही बत्रा, त्रिशा बत्रा, भाविशा सहेता, भाव्या, चाहत, टिया, सिमरन, बांसुरी, हेतल, गीता, जिनिशा, लवीशा, हर्षिता, सनाया और अनाया की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।



स्वामी जी-83496-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघनापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18551/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/-
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411